# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Annual Examination (2025 – 2026)

**Class IV / Sec: --------** **MM: 80**

**Subject:-Hindi** **Time: 2 Hrs.15 min.**

Name: ____________ Roll No.:__________ Invigilator sign -------------

***(Fifteen minutes Extra will be given for reading the question paper.)***

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न-पत्र में तीन खंड है- खण्ड'अ', खण्ड'ब' और खण्ड 'स' ।

2 तीनों खण्डों के प्रश्नो के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।

3 यथासंभव तीनों खण्डों के प्रश्नो के उत्तर क्रमश: लिखिए ।

**खण्ड 'अ'**

**प्रश्न 1 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए |** (1x7 =7)

महाशिवरात्रि हिन्दुओं का एक बड़ा धार्मिक त्योहार है जिसे हिन्दू धर्म के प्रमुख देवता महादेव अर्थात शिवजी के विवाह के रूप में मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त एवं शिव में श्रद्धा रखने वाले लोग व्रत-उपवास रखते हैं। वैसे तो प्रत्येक माह में एक शिवरात्रि होती है, परंतु फाल्गुन माह की कृष्ण चतुर्दशी को आने वाली इस शिवरात्रि का अत्यंत महत्व है इसलिए इसे 'महाशिवरात्रि' कहा जाता है। वास्तव में महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की आराधना का ही पर्व है। शिवभक्त इस दिन महादेव का विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस दिन शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। कहा जाता है कि शिवजी को बेलपत्र बहुत पसंद है। महाशिवरात्रि आमतौर पर फरवरी या मार्च में होती है।

(i) 'महाशिवरात्रि' किनका एक बड़ा धार्मिक त्योहार है ?

क सिक्खों का ख हिन्दुओं का

ग मुस्लिमों का घ ईसाइयों का

(v) वृक्ष सदा हमें क्या देते हैं?

क खुशहाली

ख निराली

ग दिवाली

घ थाली

**खण्ड 'ब'**

**प्रश्न 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(1x4= 4)**

(क) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं ?

........................................................................................................................................

(ख) विशेषण के कितने भेद हैं ?

........................................................................................................................................

(ग) एक जैसे अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

........................................................................................................................................

(घ) 'हवा' का एक पर्यायवाची शब्द बताइए |

........................................................................................................................................

**प्रश्न 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(1x4= 4)**

(क) एक दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

........................................................................................................................................

(ख) 'वीर' का विलोम शब्द लिखिए |

........................................................................................................................................

(ग) कुछ शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?

........................................................................................................................................

(घ) 'हार' का अनेकार्थक शब्द बताइए |

........................................................................................................................................

**प्रश्न 5 सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए |** **(1x5=5)**

(i) 'भाग' का अनेकार्थक शब्द है -

क मूर्ख ख ऊपर

ग वोट घ हिस्सा

(ii) 'गाँव में रहने वाला' के लिए एक शब्द है -

क दयालु ख ग्रामीण

ग अमर घ शहरी

(iii) 'जो सेना में काम करें' के लिए एक शब्द होगा -

क चित्रकार ख अनाथ

ग सैनिक घ निशाचर

(iv) 'केवल फल खाने वाला' के लिए एक शब्द है -

क फलाहारी ख शाकाहारी

ग मांसाहारी घ निर्बल

(v) 'शुक्रवार' के पहले आता है -

क सोमवार ख मंगलवार

ग शनिवार घ गुरुवार

**प्रश्न 6 सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए |** **(1x5=5)**

(i) 'मई' के बाद आता है -

क मार्च ख जनवरी

ग जून घ अगस्त

(ii) '31' का हिन्दी शब्द है -

क बत्तीस ख इकतीस

ग तैतीस घ चौतीस

(iii) 'पीठ थपथपाना' मुहावरे का अर्थ है -

क एकमात्र सहारा | ख मूर्ख

ग शाबाशी देना | घ बहुत प्यारा

(iv) 'अक्ल चरने जाना' मुहावरे का अर्थ होगा -

क बुद्धि फिर जाना | ख तैयार होना

ग गहरी नींद में सोना | घ खुशियाँ मनाना

(v) 'बहुत क्रोधित होना' किस मुहावरे का अर्थ है -

क घास खोदना | ख कान भरना

ग दंग रह जाना | घ लाल-पीला होना

## खण्ड 'स'

**प्रश्न 7 गद्यांश को पढकर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए।** (1x5=5)

एक बार सुलेमान नाम के बादशाह आकाश में उड़ने वाले अपने उड़नखटोले पर बैठे कहीं जा रहे थे। बड़ी गर्मी थी। धूप से वह परेशान हो रहे थे। आकाश में उड़ने वाले गिद्धों से उन्होंने कहा कि अपने पंखों से तुम लोग मेरे सिर पर छाया कर दो। पर गिद्धों ने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने बहाना बनाते हुए कहा, "हम तो इतने छोटे-छोटे हैं। हमारी गर्दन पर पंख भी नहीं हैं। हम छाया कैसे कर सकते हैं!" सुलेमान आगे बढ़ गए। कुछ दूर जाने पर उनकी भेंट हुदहुदों के मुखिया से हुई। सुलेमान ने उससे भी मदद माँगी। वह चतुर था। उसने फ़ौरन अपने दल के सभी हुदहुदों को इकट्ठा करके बादशाह सुलेमान के ऊपर छाया कर दी।

(i) सुलेमान बादशाह किसमें बैठकर कहीं जा रहे थे ?

क कार | ख हवाईजहाज

ग उड़नखटोले | घ बस

(ii) बादशाह धूप में बहुत परेशान हो रहे थे क्योंकि वहाँ बहुत ...................... थी ?

क ठंडी | ख सर्दी

ग बरसात | घ गर्मी

(iii) किससे बादशाह परेशान हो रहे थे ?

क धूप से — ख छाया से

ग दूसरे से — घ अपने से

(iv) कुछ दूर जाने पर सुलेमान की भेंट किससे हुई ?

क कौआ के मुखिया — ख चिड़िया के मुखिया

ग हंस के मुखिया — घ हुदहुदों के मुखिया

(v) कौन चतुर था ?

क सुलेमान — ख गिद्धों

ग हुदहुदों के मुखिया — घ हुदहुद

**प्रश्न 8 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(2x5=10)**

क) बिन्नी कौन थी ?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

ख) भारतीय नमक क्यों नहीं बना सकते थे ?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

ग) सुनीता को क्या समस्या थी ?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

घ) हुदहुदों के मुखिया क्यों घबरा गए ?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

ङ) एक दिन भीखूभाई को क्या खाने का मन हुआ ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

**प्रश्न 9 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए|** (1x5=5)

एक पढ़क्कू बड़े तेज़ थे, तर्कशास्त्र पढ़ते थे,
जहाँ न कोई बात, वहाँ भी नई बात गढ़ते थे।
एक रोज़ वे पड़े फ़िक्र में समझ नहीं कुछ पाए,
"बैल घूमता है कोल्हू में कैसे बिना चलाए?"
कई दिनों तक रहे सोचते, मालिक बड़ा गज़ब है?
सिखा बैल को रक्खा इसने, निश्चय कोई ढब है।
आख़िर, एक रोज़ मालिक से पूछा उसने ऐसे,
"अजी, बिना देखे, लेते तुम जान भेद यह कैसे?

(i) पढ़क्कू कैसे थे ?

क धीरे | ख तेज
ग धीमे | घ बहुत धीरे

(ii) पढ़क्कू क्या पढ़ते थे ?

क अर्थशास्त्र | ख शस्त्रशास्त्र
ग तर्कशास्त्र | घ समाजशास्त्र

(iii) पढ़क्कू कैसी बात गढ़ते थे ?

क नई बात | ख कई बात
ग पुरानी बात | घ सौ बात

(iv) बैल घूमता है ...............................में कैसे बिना चलाए ?

क जंगल　　　　　　ख खेत

ग सड़क　　　　　　घ कोल्हू

(v) पढ़क्कू कई दिनों तक किसके बारे में सोचते रहे ?

क मालिक　　　　　　ख अपने

ग दूसरे　　　　　　घ बैल

**प्रश्न 10 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(2x5=10)**

क) शरारती जीव घर में कहाँ-कहाँ गया ?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

ख) दोने से मिठाई कौन ले गया ? और तस्वीर के कितने टुकड़े हो गए ?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

ग) कविता में चूहा क्या-क्या कुतर जाता है ?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

घ) पढ़क्कू का तर्क मालिक को कैसा लगा ?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

ङ) कोल्हू का बैल किस व्यक्ति को कहा जाता है ?

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

**प्रश्न 11 मिलान कीजिए |** **(1x5=5)**

| | सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|---|
| क | शरारत | रामधारी सिंह दिनकर |
| ख | बिन्नी | पहिया कुर्सी |
| ग | पढ़क्कू की सूझ | कंजूस |
| घ | सुनीता | चूहा |
| ङ- | भीखूभाई | बकरी |

**प्रश्न 12 वाक्य बनाइए |** **(1x5=5)**

क) चप्पल- ......................................................................................................

ख) गाय- ......................................................................................................

ग) मालिक- ......................................................................................................

घ) सड़क - ......................................................................................................

(ङ) आकाश - ......................................................................................................

प्रश्न 13 कोई एक कहानी लिखिए | (5)

प्रश्न 14 तीन दिन के अवकाश के लिए कक्षा शिक्षक को आवेदन पत्र लिखिए ? (5)

अथवा

पाँच दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए ?

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................